कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ।
पत्रांक 2140 / 14–10 ,अलीगढः दिनांकः दिसम्बरः 28 ,2015

सेवामें,

वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

विषयः– **अलीगढ़ में पलवल–टप्पल–अलीगढ़ मार्ग (एस0एस0–22ए) किमी0 62.5 की बांयी पटरी पर ग्राम–अर्राना के खसरा सं0– 203 में विकसित किये जा रहे एस्सार ऑयल लिमिटेड के रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण का प्रस्ताव।**

संदर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, का पत्रांक 8बी / यू0पी0 / 06 / 48 / 2015 / एफ0सी0 / 1032 दिनांक 03.12.2015

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा लगायीं गयीं आपत्तियों का निराकरण निम्न प्रकार किया जाता है–

1. भाग–II में उल्लिखित वृक्षों के पातन का ब्यौरा प्रस्ताव के पृष्ठ में उपलब्ध करायी गयी स्थल निरीक्षण आख्या से मेल नहीं खाता है।
2. प्रस्ताव में छूटे हुए प्रपत्रों पर प्रभागीय वनाधिकार की मुहर लगा कर हस्ताक्षर करा दी गयी है।
3. प्रस्ताव के पृष्ट सं0–26 पर उपलब्ध करायी गयी वनभूमि की गणना पर पुनःविचार कर लिया गया है। इस हेतु Architect से भी क्षेत्रफल का पुनः गणना करा ली गयी है। यह पृष्ठ संख्या 51 में उपलब्ध करायी गये रिटेल आउटलेट के स्वीकृत ले–आउट से मेल खाती है। Architect से इस विषय में प्राप्त प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित है।
4. प्रस्ताव में संलग्न प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वनभूमि के भू–संदर्भित मानचित्र में प्रवेश एवं निकास की वक्रता से संबंधित बिन्दुओं को दर्शाकर संशाधित भू–संदर्भित मानचित्र संलग्न कर प्रेषित है।
5. स्थल उपयुक्तता प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर संलग्न कर प्रेषित है।
6. क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराये गये स्थल को भू–संदर्भित मानचित्र में गुगल मानचित्र पर दर्शाकर संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।
7. प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वनभूमि एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध करायी गयी वनभूमि को भू–संदर्भित मानचित्र के साथ डिजीटल रूप में KML/KMZ फाइल सी0डी0 के रूप में संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैं।
8. एन0पी0वी0 की गणना इको क्लास एवं वानस्पतिक घनत्व के अनुसार करते हुए गणना प्रेषित की जा रही है।

अतः प्रस्ताव का अवलोकन कर संशोधित प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ को भेजने का कष्ट करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डी0पी0 गुप्ता)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ़।

पत्रांक 2140/14-10 दिनांकित।

प्रतिलिपि डिवीजनल मैनेजर, एस्सार ऑयल लिमिटेड, ए–5, सैक्टर–3, नोएडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डी0पी0 गुप्ता)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ़।